तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 23 जुलाई 2026





12 टीमवर्क और जवाबदेही के साथ काम करें शिक्षक-प्राचार्य



12 पालक की तरह बालिकाओं का ध्यान रखने ...




**खबर संक्षेप**

### खोमन सिन्हा ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का पदभार संभाला

**बलौदाबाजार।** जिला को नए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में खोमन सिन्हा की सेवाएं मिली हैं। उन्होंने बुधवार को औपचारिक रूप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण किया। छत्तीसगढ़ शासन के गृह विभाग द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश के तहत श्री सिन्हा का तबादला बलौदाबाजार-भाटापारा किया गया है। इससे पूर्व वे रायपुर में मुख्यमंत्री सुरक्षा शाखा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत थे। पदभार ग्रहण करने के बाद श्री सिन्हा ने जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण तथा आमजन को बेहतर पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पूरी निष्ठा से कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। जिले के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत करते हुए नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं।



### पीएम आवास सूची में छूटे हुए लोगों को जोड़कर आवास दिलाने की मांग

**रवान।** रवान पौंसरी, करमदा, गैतरा, भरसेला, कुकुरदी-आदि गांवों के ग्रामीणों ने बताया है कि जो सर्वे सूची तैयार की गई है उसमें अधिकांश पात्र लोगों का नाम छूट गया है। पुनः निस्पक्ष तरीके सर्वे कर कच्चे मकान वाले एवं गरीब भूमिहिन लोगों को ज्यादा से ज्यादा प्राथमिकता देने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया है कि जो सूची में कई ऐसे नाम है जिनके पास सब कुछ पक्का मकान, काम धंधे वाला, नौकरी, ठेकेदारी, खेती बाड़ी जो कई एपीएल है, उनके नाम पर आवास सूची परिवार में नाम आया है। ग्रामीणों ने शासन प्रसाशन से तत्काल नया सर्वे कराकर निस्पक्ष-तरीके से गरीब लोगों को प्राथमिकता देने की मांग की है।

### जिले में अब तक 493.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 22 जुलाई तक 493.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील टुण्डरा में 700.5 मिमी, बलौदाबाजार में 626 मिमी, लवन 508.9 मिमी, भाटापारा में 476.6 मिमी, पलारी में 455.5 मिमी, कसडोल 449.6 मिमी, सुहेला 417 मिमी, सिमगा में 404.8 मिमी एवं सोनाखान 399.7 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 4438.6 मिमी वर्षा अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 493.2 मिमी है।

# अमेठी घाट में महानदी का रौद्र रूप, पुल के ऊपर 3 से 4 फीट बह रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ संडी-बंगला

**आवागमन पूरी तरह बंद, फिर उठी स्थायी पुल निर्माण की मांग**





पलारी क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के बाद अमेठी घाट में महानदी उफान पर है। नदी का पानी पूल से करीब 3 से 4 फीट ऊपर बह रहा है, जिससे घाट का दृश्य बेहद भयावह हो गया है। तेज बहाव के कारण प्रशासन ने किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए अमेठी घाट से आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया है।

हर वर्ष बरसात में अमेठी घाट जलमग्न होने से लोगों का संपर्क प्रभावित हो जाता है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि वे वर्षों से यहां स्थायी पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो सकी है। बारिश के मौसम में हजारों लोगों को लंबा चक्कर लगाकर आवागमन करना पड़ता है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे सुरक्षा को देखते हुए बंद किए गए मार्ग का उपयोग न करें और नदी के तेज बहाव के बीच किसी भी प्रकार का जोखिम न उठाएं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक अमेठी घाट पर पुल का निर्माण नहीं होगा, तब तक हर बरसात में यही स्थिति बनी रहेगी। वहीं पूर्व में कांग्रेस की सरकार द्वारा स्थाई पुल निर्माण को लेकर घोषणा किया गया था लेकिन अब तक लोग शासन का इंतजार कर रहे हैं, इससे यह साबित होता है कि शासन खुद कुंभकरण की नींद सोई हुई है।

## प्रधानमंत्री का पुतला फूंककर जताया विरोध

# दिल्ली में नेताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ जिला कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार





जिला कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को गार्डन चौक में प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने किया। प्रदर्शन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित अन्य कांग्रेस नेताओं एवं सांसदों की गिरफ्तारी के विरोध तथा छात्र समुदाय के समर्थन में आयोजित किया गया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि विपक्ष की आवाज को दबाने और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन करने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध लोकतंत्र का मूल अधिकार है और इस प्रकार की कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि जनहित और लोकतंत्र की रक्षा के लिए पार्टी का संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम में पूर्व कृषक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष ▶▶ शेष पेज 10 पर



### सारंगढ़ में पीएम मोदी का पुतला दहन

भटगांव। सारंगढ़ के मेला ग्राउंड में जिला कांग्रेस अध्यक्ष ताराचंद देवांगन के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं प्रियंका गांधी की गिरफ्तारी, नेट परीक्षा पेपर लीक तथा छात्रों पर कथित लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। बरसते बारिश के बीच आयोजित प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा। पुतला दहन के दौरान कुछ कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हुई, जिसके बाद मेला ग्राउंड में पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन में बिलाईगढ़ विधायक कविता लहरे, पूर्व विधायक चंद्रदेव राय, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष शुभम वाजपेई सहित जिला, ब्लॉक एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभा में कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए छात्रों, किसानों, व्यापारियों, पत्रकारों और आम जनता के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखने की बात कही।

# बेहतर प्रशिक्षण लेकर शुद्ध गिरदावरी सुनिश्चित करें कर्मचारी







**डिजिटल किसान किताब में बेहतर कार्य करने वाले पटवारी सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

राजस्व विभाग के निर्देशानुसार वर्तमान खरीफ सीजन में किसानों द्वारा लगाए गए फसल व रकबे की शुद्धता हेतु किये जाने वाले डिजिटल क्रॉप सर्वे का प्रशिक्षण बुधवार को जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसील, आरआई, पटवारी एवं आरईएओ शामिल हुए। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम मेंकहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे शासन का महत्वपूर्ण अभियान है, जिसमें पटवारियों की अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में बताए गये बारिक़ियों को गंभीरता से समझें ताकि डिजिटल क्रॉप सर्वे में कोई गलती न हो और गिरदावरी शुद्धतापूर्ण हो सके। उन्होंने पटवारियो को निर्देशित किया क़ि प्रशिक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की संशय होने पर उसका समाधान जरुर समझ लें। उन्होंने कहा क़ि डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिये सभी तहसीलो में सर्वेयर की नियुक्ति जल्द कर लें। पिछले वर्ष जिन सर्वयर ▶▶ शेष पेज 10 पर

# शिवरतन ने किया विप्र समाज के भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा




सर्व विप्र समाज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण एवं नवीन भवन का किया भूमिपूजन शिवरतन शर्मा ने किया। नपा अध्यक्ष भाटिया ने 5 लाख की घोषणा की। आज पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने सिमगा में सर्व विप्र समाज के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम के पूजा -अर्चना से की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण सर्व समाज को दिशा देने का कार्य करते थे। इसी के चलते ब्राह्मण को हिन्दू संस्कृति में एक विशिष्ट स्थान प्राप्त था। उनके ज्ञान एवं विद्वता के चलते वे सर्व समाज में पूजनीय थे, लेकिन समय के साथ-साथ ब्राह्मणों के सम्मान में कमी आई है, इसका मुख्य कारण भी ब्राह्मण ही हैं। उन्हें अपने अंदर झांक कर देखने की आवश्यकता है। हम अपने कर्तव्यों का पालन करने में कहां चूक कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि हमें पुनः सर्व समाज में विशिष्ट स्थान प्राप्त करने के लिए हमें अपने आचरण से सिद्ध करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया ने कहा कि नगर विकास के लिए हम कृत संकल्पित है। भवन चाहे किसी भी समाज का बनें, लेकिन वह सर्व समाज के उपयोग में आता है। उन्होंने समाज की मांग पर 5 लाख देने की घोषणा की। कार्यक्रम को भाजपा नेता अनिल पांडेय ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे समाज को संगठित करने में ललित मिश्रा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने कहा कि आज हमारा समाज सभी क्षेत्रों में अग्रणी है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को एकजुट होकर ऐसे ही समाज हितों में कार्य करते रहने की बात कही। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मिश्रा ने समाज के प्रति सक्रिय रहने वाले भाजपा नेता अनिल पांडेय को मंच से ही राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन सौरभ दुबे ने किया वहीं आभार व्यक्त विक्रांत मिश्रा ने किया। ▶▶ शेष पेज 10 पर

# कॉलेज के छत से गिर रहा प्लास्टर नए सत्र से पहले हादसे का खतरा

**कसडोल के एकमात्र शासकीय महाविद्यालय का भवन जर्जर**



हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल






क्षेत्र के एकमात्र शासकीय महाविद्यालय स्व. दौलतराम शर्मा स्नातकोत्तर महाविद्यालय का भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। भवन की छतों से लगातार पानी का रिसाव हो रहा है, कई जगहों पर प्लास्टर टूटकर गिर रहा है और सरिया भी दिखाई देने लगा है। ऐसे में नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश लेने वाले हजारों छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार, महाविद्यालय भवन का शिलान्यास 26 जनवरी 1988 को तत्कालीन मध्यप्रदेश शासन के मंत्री मोतीलाल वोरा के करकमलों से तथा तत्कालीन खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री डॉ. कन्हैयालाल शर्मा की अध्यक्षता में हुआ था। लगभग 38 वर्ष पुराने इस भवन की अब स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। महाविद्यालय के कई कक्षों की छत से प्लास्टर टूटकर नीचे गिर रहा है। बरसात के दौरान पानी का रिसाव बढ़ जाने से भवन और अधिक कमजोर हो गया है। यदि समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. डी. साहू ने 20 जुलाई को कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, संभाग बलौदाबाजार को पत्र लिखकर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। पत्र में प्राचार्य ने उल्लेख किया है कि भवन अत्यंत जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हो चुका है। सभी कक्षाओं की छतों से पानी टपक रहा है, प्लास्टर झड़ रहा है तथा कई स्थानों पर सरिया दिखाई देने लगा है। उन्होंने आशंका जताई है कि भवन की छत कभी भी गिर सकती है, जिससे बड़ी जनहानि हो सकती है। पत्र में भवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने, तत्काल मरम्मत कराने तथा सक्षम अधिकारी को प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया गया है। निरीक्षण के फोटो भी पत्र के साथ संलग्न किए गए हैं। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब स्वयं महाविद्यालय प्रशासन ने भवन को असुरक्षित बताते हुए पीडब्ल्यूडी को चेतावनी दे दी है, तो नए शैक्षणिक सत्र के शुरू होने से पहले संबंधित विभाग और प्रशासन क्या कदम उठाते हैं। यदि समय रहते मरम्मत या वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई तो छात्रों और शिक्षकों की जान जोखिम में पड़ सकती है।

## जिला अधिकारियों, समाजसेवियों ने 301 टीबी मरीजों का सहयोग किया

# कलेक्टर-एसपी ने टीबी मरीजों को गोद लेकर दिया समाज सेवा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़









सक्षम और जिम्मेदार नागरिकों की 6 माह तक 500 रुपये का टीबी मरीजों को आर्थिक सहयोग से देश और जिले को तपेदिक, टीबी मुक्त बनाने के संकल्प के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू सहित अन्य अधिकारियों ने जून माह में और पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने विगत दिनों स्वास्थ्य विभाग में संचालित टीबी कार्यक्रम के तहत निक्षय पोषण योजना में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए निक्षय मित्र के रूप में टीबी मरीज को गोद लिया है। अधिकारियों का यह कदम समाज में एक सकारात्मक संदेश देने के साथ ही अन्य नागरिकों और प्रशासनिक अधिकारियों को भी इस नेक कार्य के लिए प्रेरित करेगा।

इस वर्ष अब तक विभाग के प्रयासों से कुल 301 टीबी मरीजों के लिए निक्षय मित्र बनाए जा चुके हैं, जो इन मरीजों के पोषाहार और देखभाल की जिम्मेदारी उठा रहे हैं। निक्षय मित्र टीबी के मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ और उन्हें बेहतर पोषण प्रदान करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों को जन-सहयोग का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है।

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के कुशल नेतृत्व में जिले में अधिक से अधिक लोगों को 'निक्षय मित्र' बनाने की दिशा में एक विशेष पहल की गई है। कलेक्टर के मार्गदर्शन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पुष्पेंद्र वैष्णव के निर्देशन में जिलेभर में टीबी नियंत्रण कार्यक्रमों का सफल संचालन किया जा रहा है, जिससे रोगियों को समय पर उच्च गुणवत्तापूर्ण उपचार और पोषण सहायता मिल सके। निक्षय पोषण योजना और निक्षय मित्र की भूमिका प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र पहल के माध्यम से कोई भी व्यक्ति, जनप्रतिनिधि, अधिकारी या संस्था किसी टीबी मरीज को गोद लेकर उसके पोषण, जांच और उपचार में सहयोग कर सकती है। इसके तहत मरीजों को हर महीने पौष्टिक आहार किट प्रदान की जाती है, जो उनके उपचार की अवधि में तेजी से रिकवरी सुनिश्चित करने में अत्यंत मददगार साबित होती है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे आगे आएं और इस अभियान से जुड़कर जिले को टीबी मुक्त बनाने में अपना योगदान दें।

## खबर संक्षेप

### रोड कंक्रीटीकरण में अनियमितता, ज्ञापन सौंपा



**रायपुर।** वीरांगना अवंती बाई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा जोन 2 के अंतर्गत चल रहे रोड कांक्रीटीकरण कार्यों में अनियमितता की शिकायत को लेकर जोन 2 आयुक्त कोज्ञापन सौंपा गया। शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा कि जोन क्षेत्र में कई स्थानों पर पुराने कांक्रीट मार्ग को बिना हटाए उसके ऊपर ही नया कांक्रीटीकरण किया जा रहा है, जिससे सड़क की ऊंचाई लगातार बढ़ रही है। इसके कारण मकान सड़क से नीचे होते जा रहे हैं और बरसात के दौरान जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न होने की आशंका है। कांग्रेस ने मांग की कि पुराने कांक्रीट को नियमानुसार हटाकर गुणवत्ता के साथ नए सिरे से सड़क निर्माण कराया जाए। ज्ञापन के माध्यम से नियमित सफाई व्यवस्था, कचरा उठाने की समुचित व्यवस्था, बंद एवं खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की तत्काल मरम्मत, जाम नालियों की सफाई, नालों की टूटी दीवारों का निर्माण तथा जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की गई। साथ ही क्षेत्र में स्थित जर्जर सामुदायिक भवन की मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण कर नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग रखी गई। वीरांगना अवंती बाई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमल धृतलहरे ने आयुक्त से आग्रह किया कि जनहित से जुड़े इन मुद्दों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं। इस दौरान मिलिंद गौतम, संजय सोनी,माधव, आसिफ मेमन, विजय सिक्का, रबल मेहता, युधिष्ठिर नायक, कीमत दीप, सुशांत डे, संतोष गुप्तासहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 101 चिकित्सकों को दिया आरोग्य शिरोमणि सम्मान



**रायपुर।** शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा चिकित्सकों के सम्मान में भव्य आरोग्य शिरोमणि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों के चिकित्सकों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में फाउंडेशन की वरिष्ठ समाजसेवी स्मिता सिंह ने निस्वार्थ भाव से सेवाकार्य कर रहे 101 से भी अधिक चिकित्सकों को सम्मानित किया। संस्था द्वारा सभी सम्मानित चिकित्सकों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके योगदान को सराहा गया। इस मौके पर फाउंडेशन की संस्थापिका स्मिता सिंह ने कहा कि समाज में सेवाभाव रखने वाले चिकित्सकों को सम्मानित करना हमारा कर्तव्य है। ऐसे आयोजन से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और अधिक से अधिक लोग निस्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित होंगे। कार्यक्रम को चिकित्सकों और उपस्थित नागरिकों द्वारा खूब सराहा गया। इसी दौरान लोरमी मेडिकल टीम को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। यह सम्मान टीम के के प्रेसिडेंट मिंटू छाबड़ा, जीवन साहू ने ग्रहण किया।

# करमदा-गैतरा मुख्य मार्ग गड्ढे में तब्दील



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रवान

भारापारा-निपनिया, मोपका मोपकी, धवई नयापारा -करमदा, गैतरा भरसेला, सोनपुरी होते हुए इस मार्ग से रोजाना बसे चलती है। शासन को इस मार्ग से रोजाना राजस्व आय होती है, लेकिन करमदा के बाजार चौक से आगे रोड बहुत ही खराब हो गयी है बड़े-बड़े गड्ढे बन गये हैं, गड्ढे.में पानी भरा होने के कारण के राहगिरों को गड्ढे का अनुमान ही पता नहीं चलता है। पैदल, सायकिल, मोटर सायकिल वाले गिरकर रोजाना चोटिल हो जा रहे हैं। समीप में प्रायमरी स्कूल के बच्चे जब यही से गुजर कर जाते हैं, ग्रामीणों ने बताया कि कई बच्चे अपने बैग सहित गड्ढे में गिर जा रहे हैं और कीचड़ से कपडे खराब कर घर वापस आना पड़ता है।

ग्रामीणों ने बताया कि उक्त मार्ग के सबंध में विधायक एवं मंत्री टंकराम वर्मा एवं सासंद रायपुर को भी आवेदन मांग पत्र देने के बावजूद भी यह मार्ग बी को सुधारा नहीं जा रहा है। ग्रामीणों ने एक बार फिर से करमदा से गैतरा तक सड़क को सुधारे की मांग की है।





## स्वास्थ्य मंत्री ने मेडलीपार द्वारा जांच प्रकिया को त्वरित करने दिए निर्देश

# सीसीटीएनएस को सशक्त बनाने डिप्टी सीएम शर्मा ने की उच्चस्तरीय समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नवीन भारतीय न्याय संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन तथा न्याय प्रक्रिया को तकनीक आधारित, सरल एवं त्वरित बनाने उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मंगलवार को क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रेकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक ली। इसमें सीसीटीएनएस के संचालन में आ रही व्यावहारिक चुनौतियों, विभिन्न डिजिटल मॉड्यूल के एकीकरण तथा न्यायिक एवं पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने चर्चा की गई।

उप मुख्यमंत्री ने कहा, नवीन भारतीय न्याय संहिता के अनुरूप अपराधों की विवेचना, साक्ष्य संकलन, न्यायालयीन प्रक्रिया तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को पूर्णतः डिजिटल और समयबद्ध बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि सीसीटीएनएस के माध्यम से न्याय प्रक्रिया के प्रत्येक चरण को अधिक सुगम, पारदर्शी और नागरिक हितैषी बनाया जाए।

### डिजिटल मॉड्यूल के प्रभावी संचालन पर जोर

बैठक में ई-एफआईआर, ई-चालान, ई-साक्ष्य, मेडलीपार, ई-प्रिजन, ई-फोरेंसिक, सीआईएस, न्याय श्रुति तथा अन्य डिजिटल प्रणालियों को सीसीटीएनएस के साथ प्रभावी रूप से संचालित करने पर विस्तार से चर्चा हुई। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी मॉड्यूलों के बीच समन्वय स्थापित कर न्याय प्रक्रिया को अधिक तेज और पारदर्शी बनाया जाए, जिससे नागरिकों को त्वरित न्याय उपलब्ध हो सके।

### सभी जिलों में विशेष प्रशिक्षण अभियान

उन्होंने कहा कि डिजिटल साक्ष्यों का महत्व लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य के सभी जिलों में पुलिस अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों को ई-साक्ष्य प्रणाली का व्यापक प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि डिजिटल साक्ष्यों का संकलन, संरक्षण एवं न्यायालय में प्रस्तुतिकरण पूरी दक्षता के साथ किया जा सके। उन्होंने अच्छा कार्य करें वाले जिलों को प्रोत्साहित करने कहा।



### 'न्याय श्रुति' को शीघ्र किया जाएगा गो-लाइव

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि उच्च न्यायालय के माध्यम से सभी न्यायाधीशों की आवश्यक आईडी तैयार कराकर न्याय श्रुति प्रणाली को जल्द से जल्द गो-लाइव किया जाए, जिससे न्यायालयीन प्रक्रियाओं में तकनीक का अधिक प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हो सके।

### निजी अस्पतालों को भी सीसीटीएनएस से जोड़ने की पहल

श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ निजी अस्पतालों को भी चरणबद्ध तरीके से सीसीटीएनएस प्रणाली से जोड़ने के प्रयास किए जाएं। इससे मेडिकल साक्ष्यों के आदान-प्रदान और जांच प्रक्रिया में तेजी आएगी तथा न्यायिक प्रक्रिया और अधिक प्रभावी बनेगी।

### आईसीजेएस के पांचों स्तंभों को मजबूत करने पर जोर

श्री शर्मा ने नवीन भारतीय न्याय संहिता के अनुरूप न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए इंटरऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम के सभी पांचों स्तंभों को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस, न्यायालय, जेल, फोरेंसिक तथा अभियोजन तंत्र के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर न्याय प्रक्रिया को समयबद्ध बनाया जाए।

### मेडलीपार से जुड़ेंगे जिला अस्पताल, स्वास्थ्य मंत्री ने दिया सहयोग का भरोसा

बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मेडिकल जांच एवं रिपोर्ट की प्रक्रिया को और तेज बनाने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कार्ययोजना तैयार कर सभी जिला अस्पतालों को मेडलीपार प्रणाली से जोड़ने तथा प्रत्येक जिले में नोडल अधिकारी नियुक्त कर प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए।

### दुर्ग, बिलासपुर और रायपुर कमिश्नरेट के सभी थानों में होंगे ई-साइनिंग पैड

बैठक में प्रार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रारंभिक चरण में दुर्ग, बिलासपुर तथा रायपुर कमिश्नरेट के सभी थानों में तथा राज्य के प्रत्येक जिले के दो-दो थानों में इस माह के अंत तक दो-दो ई-साइनिंग पैड उपलब्ध कराए जाएं। इससे शिकायतकर्ताओं के डिजिटल हस्ताक्षर की प्रक्रिया सरल होगी और दस्तावेजों का ऑनलाइन निष्पादन अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा।

# तालाब किनारे गड्ढे से डंप रॉयल गोवा विहस्की की 30 पेटी जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अवैध बिक्री के लिए लाई गई रॉयल गोवा विहस्की की 30 पेटी तालाब किनारे गड्ढे में डंप करने के दौरान पकड़ी गई। आबकारी विभाग ने आधी रात जब छापेमारी की, तो शराब छुपा रहे बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग खड़े हुए। बरामद शराब की कीमत 1.72 लाख रुपए आंकी गई है। दिलचस्प बात यह कि प्लास्टिक की बोतल में मिलने वाली यह शराब केवल गोवा में बिक्री की जाती है। इसे चोरी-छिपे छत्तीसगढ़ में खपाया जा रहा है। आबकारी विभाग शराब तस्करी रोकने लगातार छापामारी कर रहा है।

- केवल गोवा में बिक्री की जाती है यह शराब, आबकारी विभाग ने बड़ा मामला पकड़ा

आबकारी विभाग की टीम को पता चला था कि आरंग रोड पर अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। जांच टीम लगातार क्षेत्र में रात होने के बाद जांच अभियान चला रही थी। सोम-मंगल की दरम्यानी रात सूचना मिली कि नवागांव से गोढ़ी मार्ग के बीच कुछ असामाजिक तत्वों की गतिविधि देखी जा रही है। आशंका थी कि संदिग्ध लोग शराब तस्कर हो सकते हैं। आबकारी टीम ने सर्चिंग कार्रवाई की, तो नवागांव-गोढ़ी मार्ग तालाब किनारे कुछ लोग नजर आए, जो टीम को देखते हुए अंधेरे का फायदा उठाकर अपनी गाड़ियों में भाग खड़े हुए।

जांच टीम ने घटना स्थल के आसपास जांच की, तो एक स्थान पर मिट्टी ऐसी दिखी जो कुछ देर पहले ही पाटी गई थी। मिट्टी हटाने पर वहां शराब डंप करने का मामला खुल गया। गड्ढे में 15 झिल्लियों में बंद रॉयल गोवा विहस्की लिखे हुए कार्टून की 30 पेटियों में कुल 1440 नग प्लास्टिक पौवा रॉयल गोवा विहस्की जब्त की। बरामद शराब की कीमत 1.72 लाख रुपए आंकी गई है और उसे वहां छिपाने वाले आरोपियों की तलाश की जा रही है। मामले की जांच सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीप सिंह कर रहे हैं। शराब जब्त करने में सहायक जिला आबकारी अधिकारी डीडी पटेल, आबकारी उप निरीक्षक प्रकाश देशमुख, मेघा मिश्रा चौबे सहित अन्य लोग शामिल थे।

# कारखानों में मजदूरों के शोषण का विरोध करेगी कांग्रेस

## अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने उद्योगों और मिलर्स संचालकों को दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी पप्पू अली ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कई ऐसे उद्योग स्पंज आयरन एवं राईस मिलों द्वारा मजदूरों का लगातार शोषण किया जा रहा है। मजदूर यदि अपने न हक और अधिकार की मांग करते हैं तो प्लांट प्रबंधन द्वारा उन्हें काम से हटाने की धमकी दी जाती है। इसी क्रम में कुछ प्लांटों द्वारा कुछ मजदुरों को बिना नोटिस दिए ही कार्य से हटा दिया जाता है और उनका वेतन भी रोक दिया जाता है। अली ने कहा कि यूनियन मजदूरों द्वारा प्लांट का विरोध करते है तो उन्हे प्रबंधकों द्वारा फर्जी एफआईआर दर्ज कर जेल भेजवा देते हैं। पप्पू अली ने शासन प्रशासन एवं प्लांट प्रबंधक को चेतावनी दी है अगर किसी भी प्लांट कि शिकायत हमारे तक आती है, तो तत्काल उस प्लांट में पहुंचकर प्लांट प्रबंधक से चर्चा कर निराकरण करने को कहा जायेगा और निराकरण नहीं किया जाता है तो तत्काल अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस के द्वारा धरना प्रदर्शन एवं उग्र आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि कई ऐसे भी प्लांट हैं, जहां सेप्टी उपकरण, स्वास्थ्य सेवाएं एवं अन्य किसी प्रकार का कोई उपकरण नहीं दिया जा रहा है और न ही कलेक्टर दर से वेतन दिया जा रहा है। उक्त समस्याओं को देखते हुए बहुत जल्द अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस द्वारा राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर अपना विरोध दर्ज करेगी।

# निगम में सिर्फ बैठकें हो रही धरातल पर स्थिति दयनीय

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम में बैठकों के दौर और धरातल पर लचर व्यवस्था को लेकर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने कड़ा विरोध जताया है। श्री तिवारी ने निगम प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा है कि नगर निगम में इन दिनों केवल बंद कमरों में बैठकों का दौर चल रहा है। कभी विधायक, कभी महापौर तो कभी निगम आयुक्त द्वारा बैठकें ली जा रही हैं, लेकिन शहर की आम जनता की मूलभूत समस्याओं और बुनियादी सुविधाओं के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने सवाल उठाते हुए कहा कि जिस प्रकार नगर निगम संपत्ति कर और टैक्स वसूली के लिए अधिकारियों की जवाबदेही और जिम्मेदारी तय कर रहा है, वैसी ही सख्ती शहर की आम जनता की मूलभूत सुविधाओं के लिए क्यों नहीं उठाई जा रही है? यदि बुनियादी जरूरतों और साफ-सफाई के प्रति वैसी ही जिम्मेदारी तय होती, तो आज राजधानी रायपुर की तस्वीर कुछ और होती।

# मूणत बोले- पार्किंग व्यवस्था के बगैर व्यावसायिक निर्माण पर लगाएं ब्रेक, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन पर दें जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने निगम के अधिकारियों से कहा है कि शहर में बगैर पार्किंग व्यवस्था के नए निर्माण किसी भी हालत में नहीं होना चाहिए। इससे लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। पुराने व्यावसायिक परिसर निर्माण में पार्किंग नहीं होने पर किसे तोड़ें, किसे छोड़ें सोचना छोड़कर मुख्य फोकस अब नए व्यावसायिक निर्माण पर हो, जिसमें पार्किंग की व्यवस्था अनिवार्य रूप से हो। शहर के कई इलाकों में लोगों के घरों से नियमित कचरा नहीं उठने और कचरा गाड़ियों की टाइमिंग को लेकर आ रही शिकायत पर श्री मूणत ने निगम आयुक्त संबित मिश्रा सहित अधिकारियों को निर्देशित किया कि रामकी के एग्रीमेंट की समीक्षा करें। आम जनता से लिए जाने वाला यूजर चार्ज बढ़ाने के बाद भी डोर टू डोर कचरा कलेक्शन नहीं होने की शिकायत पर उन्होंने नाराजगी जताई। श्री मूणत ने अधिकारियों से दो टूक शब्दों में कहा कि रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में कोई भी नियम विपरीत कार्य कदापि सहन नहीं किया जाएगा।



**खास बातें**

- रायपुर पश्चिम के 20 वार्डों की 5 घंटे तक चली समग्र समीक्षा, विधायक राजेश मूणत ने 25 बिंदुओं पर मांगे जवाब
- शिवानंद नगर में रेलवे पटरी किनारे का बाजार होगा सुव्यवस्थित
- भैंसथान में वर्किंग वूमन हॉस्टल की कार्य स्थिति पर अधिकारियों से मांगी जानकारी

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, तथा रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के जोन क्रमांक 5, 7,8 के 20 वार्डों के सभी पार्षदों के साथ 5 घंटे तक बैठक ली। यह बैठक केवल विभागीय समीक्षा तक सीमित नहीं रही, बल्कि रायपुर पश्चिम के समग्र एवं दीर्घकालिक विकास का रोडमैप तैयार करने के मकसद से की गई। बैठक में प्रत्येक वार्ड की समस्याओं को अलग-अलग चिन्हित कर उनके समय-सीमा में समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई।

## उपभोक्ताओं से मीटर बदलने भरवाए आवेदन, विद्युत मंडल के अफसरों से मांगा जवाब

# स्मार्ट मीटर बदलने की मांग, शहर कांग्रेस ने घेरा चंगोराभाठा बिजली दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्मार्ट मीटर को लेकर चलाए जा रहे जन जागरण अभियान के तहत मंगलवार को डॉ. खूबचंद बघेल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में चंगोराभाठा स्थित बिजली कार्यालय का घेराव किया गया। अभियान के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर स्मार्ट मीटर बदलने संबंधी आवेदन पत्र भरवाए तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों के आवेदन एकत्रित किए।

अभियान के दौरान सैकड़ों की संख्या में आवेदन पत्र वितरित किए गए। क्षेत्र के लोगों ने बढ़े हुए बिजली बिलों और स्मार्ट मीटर को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। आवेदन पत्र वितरण के बाद शहर जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने चंगोराभाठा स्थित बिजली कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने स्मार्ट मीटर के विरोध में जोरदार नारेबाजी की तथा बिजली विभाग के अधिकारियों से आम जनता को आ रहे अत्यधिक बिजली बिलों के संबंध में जवाब मांगा।



### समांतर टेस्टिंग मीटर लगाने का आश्वासन

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद लगातार बड़ी संख्या में उपभोक्ता बढ़े हुए बिजली बिलों की शिकायत लेकर आ रहे हैं। कांग्रेस जनता की इन शिकायतों को गंभीरता से उठाते हुए घर-घर जाकर आवेदन भरवा रही है और उन्हें बिजली विभाग तक पहुंचा रही है। चंगोराभाठा क्षेत्र में भी लोगों का व्यापक समर्थन मिला है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने समानांतर टेस्टिंग मीटर लगाने का आश्वासन दिया है। शिकायतों का संतोषजनक समाधान नहीं हुआ, तो शहर जिला कांग्रेस कमेटी आम जनता के हित में आंदोलन को और व्यापक रूप देगी।

### ये थे मौजूद

इस दौरान शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, प्रमोद दुबे, विकास उपाध्याय, कन्हैया अग्रवाल, आकाश शर्मा, विनोद ठाकुर, दीपेश कृपाल, उत्तम साहू, जी सुभाषिनी देवांगन, मुन्ना मिश्रा, ऋषि देवांगन, सुनील ध्रुव, विनोद यादव, टीकम सोनकर, कविता वर्मा, शरद गुप्ता, शंकर लाल सेन, लीला वैष्णव, राजेश यदु, प्रीति सारथी, सुनील देवांगन, देव निर्मलकर, रितेश देवांगन, मुकुंद कागदेवार, निशा शर्मा, पूनम पांडे, भावेश सारथी, आवेश खान, नियाज जौहरी, मयंक ठाकुर, मनोज केसरवानी, छगन साहू, अंकालू साहू, एवं सभी वार्डवासी शामिल हुए।

## पेज 9 का शेष

### कांग्रेस का नेताओं की...

शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यदु, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष परमेश्वर यदु, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सेन, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष दीपक साहू, प्रेमलता बंजारे, कालिंदी वर्मा, जिला प्रभारी महामंत्री छल्ला साहू, भावेश वर्मा, संजय सोनी, जितेंद्र नवरत्न, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुनील कुर्रे, मनीष चंद्राकर, कोषाध्यक्ष हेमचंद केसरवानी, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल, शहर महामंत्री नीरज बांधे, नेता प्रतिपक्ष सलमान शेख, मोहन साहू, रविंद्र नामदेव, गोविंद पात्रे, किशोर नौरंगे, अभिषेक पटेल, सुखदेव साहू, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा, डीके कॉलेज अध्यक्ष हेमंत ठाकुर सहित जिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवादल तथा विभिन्न प्रकोष्ठों एवं फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बेहतर प्रशिक्षण लेकर...

के द्वारा ठीक से कार्य नहीं किया गया उन्हें 8स बार नियुक्त न करें। उन्होंने कहा क्रि पटवारी व आरआई डिजिटल क्रॉप सर्वे के साथ ही रूटीन कार्य बटांकन व सीमांकन कार्य में भी प्रगति लाएं। कलेक्टर शर्मा ने कहा क्रि राज्य शासन द्वारा धान के बदले अन्य फसल को बढ़ावा देने के लिये कृषक उन्नति योजना अंतर्गत 15 हजार रुपए प्रति एकड़ आदान सहायता राशि किसानों को देय है। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को जिले के लिये इस वर्ष निर्धारित लक्ष्य 10 हजार एकड़ में धान के बदले अन्य फसल लगाने हेतु विशेष फोकस करने और किसानों को प्रोत्साहित करने कहा। इस दौरान डिजिटल किसान किताब बनाने में बेहतर कार्य करने वाले 15 पटवारियों को कलेक्टर शर्मा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और डिजिटल क्रॉप सर्वे में भी अच्छा कार्य करने प्रोत्साहित किया। बताया गया कि इस बार डिजिटल क्रॉप सर्वे हेतु आंकड़ों को सटीकता और विश्वनीयता बनाए रखने हेतु एआई का प्रयोग किया गया है, जिसमें सर्वेयरों के फेस आधारित ई- केवायसी कार्य किया जाना ताकि फर्जी सर्वेयरों को रोका जा सके। एंगल बेस्ड कवरेज सिस्टम विकसित किया गया है, ताकि गलत प्लॉट में सर्वे न किया जा सके। सर्वे के दौरान प्लॉट का धुंधला फोटो या अस्पष्ट फोटो ऐप द्वारा स्वीकार नहीं किया जा सकेगा, ताकि पटवारी को अनुमोदन के समय फसल की स्पष्ट फोटो अवलोकन के लिए प्रदर्शित हो। यदि संभव हो तो सर्वेयर द्वारा संबंधित कृषक की फोटो भी लेने के निर्देश प्रशिक्षण में दिये गये हैं, ताकि कृषक सर्वे कार्य के प्रति जागरूक हो तथा अपने खेत की गिरदावरी कार्य से संतुष्ट हो। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निशा नेताम मड़ावी सहित एसडीएम, तहसीलदार नायब तहसील उपस्थित थे।

### शिवरतन ने किया विप्र...

कार्यक्रम में विप्र समाज के अध्यक्ष सुनील तिवारी, महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुवर्णा शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव, मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सोनकर, धीरज जैन, अभिजीत अवस्थी, राहुल साहू, छोटू यादव, पार्षद प्रियंका अनूप तिवारी, टेबू देवांगन, पितांबर सोनकर, मनीषा माया सलूजा, परस पाटकर, राजेश सिंह, जनपद उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, सीएमओ शशिभूषण श्रीवास्तव सहित समाज के लोग उपस्थित थे। अंत में कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को भगवान परशुराम राम का छायाचित्र व विभिन्न समाज प्रमुखों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया ।

## विधायक इंद्र साव ने कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन और साइकिल वितरण किया

# कम्प्यूटर क्रांति के जनक स्व. राजीव गांधी का सपना साकार हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



पूर्व माध्यमिक शाला मोपका में विधायक इन्द्र साव ने विद्यालय के नवनिर्मित अत्याधुनिक कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन किया। इस डिजिटल पहल के साथ ही उच्चत्तर माध्यमिक शाला की 40 छात्राओं को निःशुल्क का साइकिल वितरण भी किया।

विधायक इन्द्र साव ने कहा आधुनिक भारत के निर्माण में तकनीकी शिक्षा के महत्व का दूरगामी सोच रखने वाले कम्प्यूटर क्रांति के जनक पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी का सपना साकार हो रहा है। हमारे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी शहरों की तरह ही हर आधुनिक सुविधा मिलनी चाहिए। यह कंप्यूटर कक्ष हमारे बच्चों को तकनीकी रूप से सक्षम और आत्मनिर्भर बनाएगा। विधायक इन्द्र साव ने भारत में कंप्यूटर और डिजिटल युग की नींव रखने वाले पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी का विशेष रूप से स्मरण किया। उन्होंने कहा आज हम जिस डिजिटल इंडिया और तकनीकी विकास पर गर्व कर रहे हैं, उसकी शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधीजी ने की थी। राजीवजी का सपना था कि भारत का हर युवा तकनीक से जुड़े। आज मोपका स्कूल में कंप्यूटर कक्ष की शुरुआत उसी विजन को आगे बढ़ाने की दिशा में एक छोटा सा प्रयास है। विधायक साव ने स्कूली छात्राओं को साइकिलें प्रदान कीं। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

विधायक साव ने कहा कि दूरी की वजह से किसी भी बेटी की पढ़ाई नहीं छूटनी चाहिए। यह साइकिल न केवल उनके स्कूल आने-जाने के सफर को आसान बनाएगी, बल्कि उनके समय की बचत कर उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करेगी। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और बड़ी संख्या में उपस्थित स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक इन्द्र साव का इस सौगात के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से चेतन वर्मा सरपंच, कुलदीप वर्मा शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, कौशलेन्द्र साहू महाविद्यालय विधायक प्रतिनिधि, चन्द्रशेखर चक्रधारी पार्षद, सोनू शर्मा, सोमेन्द्र साहू, अशोक साहू, पुनीत साहू, रमेश नवरंगे, स्थानीय जनप्रतिनिधि, शाला विकास समिति के सदस्य और गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



### हायर सेकंडरी की 42 छात्राओं को साइकिल वितरित

खरोरा। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय असौदा में 42 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय आने-जाने की सुगम सुविधा उपलब्ध कराना तथा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। साइकिल प्राप्त कर छात्राओं के चेहरों पर खुशी और उत्साह दिखाई दिया। उन्होंने नियमित रूप से विद्यालय आकर अपनी पढ़ाई जारी रखने का संकल्प भी व्यक्त किया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच जितेन्द्र चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे छात्राओं को आवागमन की कठिनाइयों से राहत मिलेगी और वे नियमित रूप से विद्यालय पहुंचकर अपनी शिक्षा पूरी कर सकेंगी।कार्यक्रम में विद्यालय परिवार एवं उपस्थित अतिथियों ने सभी छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए शासन की इस जनकल्याणकारी योजना की सराहना की।

## रोहांसी में 59 छात्राओं को बांटी गई साइकिल



पलारी। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रोहांसी में निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं की 59 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। साइकिल मिलने से बालिकाओं में उत्साह का माहौल रहा। योजना का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना तथा शिक्षा के प्रति उनकी रुचि को बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम में नगर पंचायत रोहांसी के अध्यक्ष नंदेश्वर साहू, उपाध्यक्ष पिताम्बर साहू, सभापति प्रमिला कन्नौजे कन्नौजे, एल्डरमेन जगत राजू सेन पार्षदगण कमलेश चतुर्वेदी, बुधारू साहू, सरिता ओझा एवं लखन यादव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष नंदेश्वर साहू उपाध्यक्ष पितांबर साहू ने कहा कि शासन की सरस्वती साइकिल योजना बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। साइकिल मिलने से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

प्राचार्य दिनेश कुमार साहू ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शासन द्वारा संचालित ऐसी योजनाएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने सभी छात्राओं को साइकिल का सदुपयोग करते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने और बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य मोहन साहू, ईश्वर बघेल, हेमंत साहू, कांशीराम साहू, राजकुमारी ध्रुव, ललिता साहू, गोवेर्धन साहू एवं अशोक साहू तथा विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार साहू सहित शिक्षकगण जीवन लाल बंजारे, रूपा कर्मोकर, लेखराम पटेल, वपुष्टमा चंदेल, कमलेश कुमार टंडन, महेश कन्नौजे, रमेश कुमार डहरिया, रामकुमार पटेल, रानी श्रीवास, चित्ररेखा देवांगन, रिया साहू एवं अंजू साहू उपस्थित थे।

### खबर संक्षेप

#### पौधारोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश





खरोरा। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय असौदा में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं शाला परिवार के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प दिलाया। वक्ताओं ने कहा कि पेड़ केवल पर्यावरण को संतुलित रखने में ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता का उत्साह स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। सभी ने मिलकर पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के साथ-साथ समाज को भी हरित एवं स्वच्छ वातावरण के लिए प्रेरित करते हैं।

#### उत्तीर्ण अभ्यार्थियों को निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण

बलौदाबाजार। भारतीय थलसेना में भर्ती हेतु जिले के जिन अभ्यार्थियों ने अग्निवीर (सीईई) वर्ष 2026 में परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है वे अभ्यार्थी जिला रोजगार कार्यालय में उपस्थित होकर अपना नाम, पता, आधार कार्ड, मोबाईल नम्बर एवं सेना भर्ती पंजीयन क्रमांक के साथ अपना नाम दर्ज करा सकते हैं, ताकि शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण की तैयारी कर सके। साथ ही अधिक जानकारी के लिए रोजगार कार्यालय के दूरभाष नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## गबोद विद्यालय में गणवेश वितरण और शाला प्रबंधन समिति का गठन



पलारी। बुधवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय गबौद में छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क गणवेश वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप सरपंच पंकज घृतलहरे शाला प्रबंधन समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष पिंकी यादव, उपाध्यक्ष सिया लाल बंजारे एवं समस्त पदाधिकारियों का मनोनयन, चयन किया गया।

अतिथियों द्वारा कक्षा 1 से 8 तक के सभी छात्र-छात्राओं को नवीन गणवेश वितरित किए। बच्चों के चेहरों पर नई वर्दी पाकर खुशी देखते ही बन रही थी।

शाला प्रबंधन समिति एसएमसी के अध्यक्ष पद पर पिंकी यादव उपाध्यक्ष सियालाल बंजारे एवं अन्य पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष एवं सदस्यों को विद्यालय के विकास में सहयोग का संकल्प दिलाया गया।

कार्यक्रम में सभी पालकों, शिक्षकों एवं अतिथियों के लिए सामूहिक न्योता भोज का आयोजन मध्यान्ह भोजन समूह द्वारा किया गया। खीर पूरी मिठाई के साथ मध्यान्ह भोजन के आनंद ही देखते बनता था। समस्त पालकों ने छात्रों के साथ बैठकर भोजन भी किया। भोजन के दौरान कक्षा शिक्षकों द्वारा पालकों को उनके बच्चों की पढ़ाई, उपस्थिति एवं शैक्षणिक प्रगति की विस्तृत जानकारी दी गई। पालकों ने भी अपने सुझाव रखे। संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ के प्रांताध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम राय गुरुजी ने कहा कि गणवेश वितरण से बच्चों में एकरूपता और अनुशासन बढ़ेगा। शाला प्रबंधन समिति के सहयोग से विद्यालय में गुणवत्ता युक्त शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने पालकों से अपील की कि वे बच्चों की पढ़ाई में नियमित रुचि लें। इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक दानेश्वर साहू, शिक्षक पूनम दर्रो, प्राथमिक प्रधान पाठक कु सीमा मनहरे, शिक्षक कौशिल्या सोनकेवरे, भवानी चंद्राकर, पालक सदस्य शिव कुमारी वर्मा, रोहिणी वर्मा, रत्ना वर्मा, तारण खुंटे, केसरी यादव, ओमिन यादव, गायत्री यादव, अनुसूइया यादव, सोहन यादव, पुनाराम खूंटे, सतोष विश्वकर्मा, लोमस यादव, दीपक महोबिया, डोमार यादव, खिलेश्वरी वर्मा, विष्णु बंजारे सहित बड़ी संख्या में पालक उपस्थित थे।

## हाई स्कूल लांजा की छात्राओं को साइकिल वितरित



सिमगा। विकासखंड अंतर्गत ग्राम लांजा के हाईस्कूल में शासन द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने सरस्वती साइकिल योजना के तहत 9वीं क्लास के छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। साथ ही सभी बच्चों को नए जूते का वितरण भी इस मौके पर किया गया। अतिथियों ने कहा कि अब छात्राओं को स्कूल आने में सुविधा होगी। साथ सभी छात्र छात्राओं को समय पर विद्यालय आने व पढ़ाई लिखाई में निरंतरता बनाए रखने की बात कही। साइकिल पाकर छात्राओं में विशेष उत्साह रहा। उक्त कार्यक्रम में ग्राम पंचायत लांजा के सरपंच ओमप्रकाश बंजारे, जनपद सदस्य चंद्रशेखर साहू, एसएमडी अध्यक्ष राजू जोशी, छगन नायक, मनहरण जोशी, प्रेमलाल जोशी, मन्नू साहू सहित पालक व शिक्षकगण उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने ली मिशन वात्सल्य और बाल कल्याण व संरक्षण समिति की बैठक

# संकटग्रस्त बच्चों की मदद के लिए हेल्पलाइन 1098 पर कॉल करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़





कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू सह समिति अध्यक्ष द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग के मिशन वात्सल्य और जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिले में संचालित बाल संरक्षण से संबंधित योजनाओं, कार्यक्रमों, किशोर न्याय अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन तथा बाल अधिकारों की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा कर क्रियान्वयन का रुपरेखा तैयार किया गया।

कलेक्टर ने कहा कि जरूरतमंद और संकटग्रस्त बच्चों के मदद के लिए कोई भी चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 में कॉल करें। कलेक्टर ने अब तक प्राप्त प्रकरण की जानकारी ली तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हेल्पलाइन नंबर 1098 का जिलेभर में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि जरूरतमंद और संकटग्रस्त बच्चों तक समय पर सहायता पहुंच सके। बैठक में जिले में पॉक्सो अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले में वर्तमान में 23 प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन हैं। कलेक्टर ने इन मामलों में त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला बाल संरक्षण इकाई के रिक्त पदों पर भर्ती से संबंधित एजेंडे पर चर्चा की गई। साथ ही किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के तहत संचालित संस्थानों के नियमित निरीक्षण एवं उनके प्रभावी संचालन पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बाल विवाह रोकथाम की चर्चा में अधिकारियों ने जानकारी दी कि जिले में अब तक 3 बाल विवाह की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में एक भी बाल विवाह नहीं होना चाहिए। इसके लिए जनजागरूकता अभियान चलाने, ग्राम स्तर पर सतर्कता बढ़ाने तथा संबंधित विभागों के समन्वय से प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर ऋचा सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पाण्डेय, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी उत्तम प्रसाद, नगरपालिका परिषद सारंगढ़ के सीएमओ ज्ञान पुंज कुलमित्र, समाज कल्याण विभाग के विनय तिवारी, श्रम विभाग के अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जिला बाल संरक्षण समिति के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## रायपुर में साहित्य सृजन संस्थान की काव्य संध्या साहित्य और स्वास्थ्य पर चर्चा 26 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

साहित्य सृजन संस्थान परिवार की 47 नियमित मासिक काव्य संध्या का आयोजन 26 जुलाई को अपराह्न 3 बजे से वृंदावन हॉल सिविल लाइन्स में किया गया है। इसमें बिलासपुर, कोरबा, दुर्ग, भिलाई बागबाहरा, खरोरा, आरंग एवं राजधानी के कवि शायर अपनी रचनाओं को प्रस्तुत करेंगे। संस्थान के अध्यक्ष वीर अजीत शर्मा ने बताया कि इस बार की काव्य संध्या विशेष रहेगी। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि अनुसुइया श्रीवास, कोरबा अपना काव्यपाठ प्रस्तुत करेंगी। कार्यक्रम का मुख्य



आकर्षण 9 वर्षीय बालिका कुहुक अग्रवाल की प्रस्तुति होगी। कुहुक अग्रवाल 9 वर्ष द्वारा कृष्ण की चेतावनी-महाभारत का सबसे बड़ा संदेश विषय पर आकर्षक प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगी। पेट क्यों निकलता है के ऐतिहासिक कारणों पर चर्चा विषय पर पूर्व प्रशासनिक अधिकारी डॉ. संजय अलंग का व्याख्यान होगा। साथ ही डॉ. शिलिका लालवानी आई एल एस हॉस्पिटल द्वारा मधुमेह, मोटापा एवं थायरॉइड विषय पर केंद्रित जानकारी देंगी। साहित्य के साथ स्वास्थ्य और जीवनशैली पर चर्चा इस आयोजन की विशेषता होगी।

### नाम परिवर्तन

मैं मीखम लाल टंडन (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र बुधूराम टंडन निवासी जुनवानी एतद् द्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करता हूँ तथा निम्नानुसार घोषित करता हूँ -

1. मैं जुनवानी का स्थायी निवासी हूँ।
2. मेरा पुराना नाम मीखम लाल और में अपना नाम बदलकर भीखम लाल टंडन (नया नाम) भीखम लाल टंडन करवाना चाहता हूँ।
3. मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।
4. मैं नाम बदलकर, यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूं, तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूँ तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

दिनांक- 17.07.2026

शपथकर्ता
भीखम लाल टंडन

# धारा 40 के तहत भदरा पंचायत के सरपंच को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत भदरा के ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी कसडोल को ज्ञापन सौंपकर ग्राम पंचायत की निर्वाचित सरपंच के पति रामफल कश्यप पर शासकीय भूमि पर कथित अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने मामले में शीघ्र कार्रवाई करते हुए पंचायत राज अधिनियम के धारा 40 के तहत निर्वाचित सरपंच के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही कर हटाने की मांग की है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि सरपंच पति द्वारा ग्राम भदरा के खसरा नंबर 697, 699 एवं 2/1 की शासकीय भूमि पर कथित रूप से कब्जा कर पक्का मकान निर्माण एवं अवैध रूप से खेती की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में तहसीलदार न्यायालय द्वारा 24 जून 2026 को रा. प्र. क्र. 202511210700078 ब/121 वर्ष 2025 - 26 दस्तावेज से बेदखली वारंट भी जारी किया जा चुका है, लेकिन सरपंच पति द्वारा अभी तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि या उनके परिवार के सदस्यों द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा किया जाना पंचायत राज अधिनियम की भावना के विपरीत है तथा इससे गांव के सार्वजनिक निस्तार कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ज्ञापन में संबंधित प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा आवश्यक होने पर पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 के तहत कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री एवं राजस्व मंत्री को भी प्रेषित की गई है। वहीं तहसीलदार द्वारा जारी बेदखली वारंट में निर्धारित समय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाने पर उचित प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की गई है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## अजा आयोग के उपाध्यक्ष बनने पर वेदराम का स्वागत



**खरोरा।** छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर वेदराम मनहरे का सतनामी सामाजिक संगठन परिक्षेत्र खरोरा द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राजीव नगर स्थित सतनाम धाम गुरुद्वारा में बाबा गुरु घासीदास की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद 65 गांवों के अध्यक्ष एसएस बांधे के नेतृत्व में समाज के पदाधिकारियों ने शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर मनहरे और उनकी पत्नी सुशीला मनहरे का सम्मान किया। संबोधन में मनहरे ने संगठन की एकजुटता को समाज की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए अनुसूचित जाति समाज के हित में पूरी निष्ठा से दायित्व निभाने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## निशुल्क आयुर्वेद आयुष होम्योपैथी चिकित्सा निदान शिविर का आयोजन



**मुंडा।** आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के पंचायत भवन में जिला आयुष अधिकारी डॉ. गोदावरी पैकरा के मार्ग दर्शन में बुधवार को सुबह 10 बजे से पंचायत भवन में निःशुल्क आयुर्वेद आयुष एवं होम्योपैथी चिकित्सा निदान शिविर प्रारंभ हुआ। इसमें गांव के लोगों ने पंचायत भवन पहुंचकर शिविर में निशुल्क इलाज कराया। शिविर में सरपंच सुश्री शशिकला पांडे, डॉ. एल.एस. ध्रुव, डॉ. नेकदत्त, डॉ. विवेक वर्मा, दुष्यंत वर्मा, सावित्री योगी, सुशील जायसवाल, त्रिलोक यादव, योगेन्द्र गेंडरे, मनोज जांगड़े, सोमदास मानिकपुरी कोटवार, नोखराम वर्मा, प्रवीण पांडे, बलदाऊ वर्मा, मुकेश्वरी वर्मा सहित ग्रामवासी सम्मिलित रहे।

## प्रयास विद्यालय में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग शुरू

**बलौदाबाजार।** सत्र 2026-27 में प्रयास आवासीय विद्यालय की कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा परिणाम के पश्चात विद्यार्थियों क़ा काउंसिलिंग 22 जुलाई से 5 अगस्त तक की जा रही है। छात्र सूची में प्रदर्शित आबंटित प्रयास आवास विद्यालयों में प्रातः 11 से सायं 4 बजे तक भाग ले सकते हैं। काउंसिलिंग में अपने साथ प्रवेश पत्र, जाति-निवास प्रमाण पत्र, 8वीं उत्तीर्ण प्रमाण पत्र, विशेष पिछड़ी जनजाति प्रमाण पत्र, शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र, मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र, कांउसिलिंग पश्चात संबंधित प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश की पात्रता होने पर 3 दिवस के भीतर अनिवार्यतः जिला शिक्षा अधिकारी से काउन्टर हस्ताक्षरित स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी सिकल सेल जांच प्रमाण पत्र, 10 रूपए के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अल्पसंख्यक वर्ग अंतर्गत होने संबंधी नोटरी का सत्यापन प्रमाण पत्र, 2 स्वयं का पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित हैं तो इस आशय का सम्बधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र लाना होगा।

**निधन**

## उपेंद्र साहू

**पलारी।** ग्राम सांहड़ा निवासी उपेन्द्र कुमार साहू का 35 वर्ष का निधन हो गया। वे उपस्वास्थ्य केंद्र हरिनभट्ठा विकासखंड पलारी में आरएचओ पद पर पदस्थ थे। वह राजमती साहू, लिलेश्वर साहू के पुत्र थे। उनके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में महेन्द्र साहू, श्यामू साहू, परस साहू, चंद्रशेखर साहू, राजेन्द्र साहू, रमेश साहू, अश्वनी साहू, ओमेश साहू, गणेश साहू सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



# टीमवर्क और जवाबदेही के साथ काम करें शिक्षक-प्राचार्य

### बैठक में अनुपस्थित 24 प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस और एक दिन का वेतन काटने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

जिला शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरसीवां में विकास खण्ड बिलाईगढ़ के समस्त प्राचार्यों की बैठक ली। शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्तापूर्वक बनाने उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना, बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, निजी स्कूलों के मान्यता,फीस, निर्धारण गणवेश पुस्तक क्रय के संबंध में चर्चा, शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं का वीएसके ऐप में नियमित उपस्थिति, शिक्षकों को मोबाइल का उपयोग कक्षा में नहीं करने का निर्देश, ड्रॉप आउट बच्चों का सर्वे कर पुनः विद्यालय से जोड़ना, एसएमसी का गठन जुलाई तक अनिवार्य रूप से करने का निर्देश, एचपीवी टीकारण के लिए बच्चों पालकों को जागरूक करना, नवोदय विद्यालय फॉर्म 100प्रतिशत बच्चों को फॉर्म भरवाना, अहाता युक्त शाला भवन की जानकारी, वृक्षारोपण, पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला कक्ष का निरंतर साफ सफाई कराने का कडा निर्देश डीईओ ने बैठक में दिया।

जिला शिक्षा अधिकारी जे.आर. डहरिया ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरसिंवा में विकास खण्ड बिलाईगढ़ के समस्त प्राचार्यों की बैठक ली। शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्तापूर्वक बनाने उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि सभी प्राचार्य जवाबदेही और टीमवर्क के साथ काम करें।



### वार्षिक टाइम-टेबल बनाकर सिलेबस समय पर पूरा करें

शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्ययोजना बनाएं, हर शिक्षक अपनी जिम्मेदारी समझे जिला शिक्षा अधिकारी जे.आर. डहरिया ने शिक्षकों को शाला में नियमित रूप से उपस्थित रहने निर्देश दिया। शिक्षकों से उन्होंने कहा कि वार्षिक टाइम-टेबल बनाकर सिलेबस समय पर पूरा करें। शाला प्राचार्य अब बच्चों की कॉपी चेक करेंगे और जहां आवश्यकता होगी, सुझाव देंगे और बदलाव करेंगे। डीईओ ने सभी से रूबरू होकर उनकी समस्याएं जानी और कहा कि शिक्षकों को अच्छे परिणाम देने प्रोत्साहित करे ताकि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले का परिणाम बेहतर हो। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिलाईगढ़ सत्यनारायण साहू एवं समस्त प्राचार्य उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने आश्रम छात्रावास के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समीक्षा बैठक ली

# पालक की तरह बालिकाओं का ध्यान रखने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़



जिले के आश्रम छात्रावास में निवासरत बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के सभी शासकीय आश्रम, छात्रावासों की समीक्षा बैठक ली और बच्चों की सेहत, शिक्षा, अनुशासन, सुरक्षा और ऑनलाइन उपस्थिति पर जोर दिया। उन्होंने छात्रावासों की कुशल व्यवस्था, विद्यार्थियों की सुरक्षा, स्वच्छता एवं ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली की विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर ने बालक-बालिका को पालक की तरह ध्यान देने और अनुशासन का पालन कराने के निर्देश दिए। विशेष रूप से कन्या छात्रावासों की सुरक्षा व्यवस्था पर जोर देते हुए सभी गर्ल्स हॉस्टलों में सुरक्षा गार्ड की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा सीसीटीवी कैमरों को हमेशा चालू एवं कार्यशील रखने के निर्देश दिए। साथ ही छात्रावासों में सुरक्षा संबंधी सभी मानकों का कड़ाई से पालन करने को कहा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी जोइधा राम डहरिया एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त बद्रीश सुखदेवे, जिले के सभी अधीक्षक एवं प्रभारी अधीक्षक उपस्थित रहे।

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने सभी अधीक्षकों से ऑनलाइन अटेंडेंस (चेक-इन एवं चेक-आउट) की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि प्रत्येक अधीक्षक नियमित रूप से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करें। ऑनलाइन उपस्थिति में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिन छात्रावासों में नियमित अधीक्षक पदस्थ नहीं हैं, वहां संबंधित विद्यालयों के शिक्षकों को प्रभारी अधीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ऐसे सभी प्रभारी अधीक्षकों को छात्रावास में ही निवास करते हुए विद्यार्थियों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि छात्रावास में जितने विद्यार्थी दर्ज हैं, भोजन भी उसी संख्या के अनुसार तैयार किया जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। छात्रावास परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने तथा सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने कहा कि प्रत्येक बिस्तर पर केवल एक ही छात्र सोए। जिन छात्रावासों में बिस्तरों की कमी है, वहां तत्काल अतिरिक्त बेड उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बॉयज हॉस्टलों में विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के नशे एवं तंबाकू सेवन से दूर रखने, नियमित निगरानी करने तथा अनुशासित वातावरण बनाए रखने के निर्देश भी सभी अधीक्षकों को दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि छात्रावासों में किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही अथवा विद्यार्थियों की सुरक्षा से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधीक्षक एवं जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# खण्ड स्तरीय बैठक में डिजिटल धोखाधड़ी रोकने व योजनाओं के क्रियान्वयन पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार।

बुधवार को खण्ड स्तरीय बैंकर्स समिति की मासिक बैठक जनपद पंचायत कार्यालय पलारी के सभाकक्ष में अग्रणी जिला प्रबंधक शिवकुमार कंवर की अध्यक्षता एवं पंकज देव मुख्य कार्यापलन अधिकारी की उपस्थिति में हुई।

डिज़टिल धोखाधड़ी को रोकने के लिए वित्तीय साक्षरता पर जोर देते हुए अग्रणी जिला प्रबंधक ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशन में आरोह एनजीओ संस्था जो सीएफएल के माध्यम से विभिन्न स्थानों में वित्तीय साक्षरता के लिए किए जा रहे कार्यों में बैंक मित्र, एफएलसीआरपी, पीआरपी सहयोग प्रदान करें।

बैठक में मुख्यतः शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर चर्चा हुई, जिसमें मुख्य रूप से प्रधामनंत्री पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के साथ स्व सहायता समूह लिंकेज एवं ऋण वितरण, एनआरएलएम योजना, कृषकों को दिए जाने वाले ऋण किसान क्रेडिट कार्ड, डेयरी व्यवसाय, मछली पालन, पीएम स्वानिधि, पीएम विश्वकर्मा, अटल पेंशन योजना एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना इत्यादि पर भी चर्चा हुई।

बैठक में सहायक मुख्य कार्यपालन अधिकारी एम कुजूर एवं ब्लॉक के सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक और ब्लॉक के विभिन्न बैंकों में कार्य कर रहे बैंक मित्र, एफएलसीआरपी, पीआरपी बहुत संख्या में उपस्थित थे।

# पूर्व माध्यमिक शाला मिरगी में गणवेश का वितरण



**अर्जुनी।** नवीन पूर्व माध्यमिक शाला मिरगी संकुल मल्दी में बुधवार को गणवेश वितरण किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों के करकमलों से विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को गणवेश वितरित किया गया और गणवेश प्राप्त कर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अनुशासन का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा विद्यार्थियों के हित में संचालित योजनाएं शिक्षा को अधिक सुलभ बनाने के साथ साथ विद्यार्थियों में समानता एवं आत्मविश्वास की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि गणवेश से विद्यार्थियों में एकरूपता समानता और विद्यालय के प्रति अपनत्व की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यालय परिवार ने गणवेश वितरण कार्यक्रम में सहयोग एवं सहभागिता के लिए शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य शैलेन्द्र भसगौरी, प्रधान पाठक ईश्वर प्रसाद रजक, शिक्षकगण गजपति प्रसाद ध्रुव, हेम कुमार देवांगन, राजेश कुमार सेन, गिरीश कुमार वर्मा, सत्यनारायण बंजारे, प्रेम माया ध्रुव, माधुरी कंवर, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष चेतना साहू, सदस्य खिलावन साहू, नोहरी साहू, मालती वर्मा, रमा वर्मा, ऋषि वर्मा, ज्योति साहू आदि उपस्थित थे।



# याकूब भाई जालियावाला को दी गई श्रद्धांजलि

**भाटापारा।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व क्रिकेटर स्व. हाजी याकूब भाई जालियावाला की पुण्यतिथि पर भाटापारा में श्रद्धा, सम्मान के साथ उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा के पश्चात जरूरतमंदों एवं आमजन के लिए भोजन वितरण का आयोजन किया गया। यह सेवा कार्य पिछले दस वर्षों से निरंतर किया जा रहा है, जिसे याकूब भाई के सेवा और मानवता के आदर्शों को समर्पित बताया गया।

श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि याकूब भाई का संपूर्ण जीवन जनसेवा, संगठन और समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहा। छात्र जीवन से ही उन्होंने जनहित का मार्ग अपनाया और जीवन के अंतिम क्षण तक कांग्रेस संगठन को अपना परिवार मानते हुए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य किया। उनका स्पष्ट विश्वास था कि व्यक्ति से बड़ा संगठन होता है और मजबूत संगठन ही कार्यकर्ताओं को सम्मान दिलाता है। इस अवसर पर शादाब जालियावाला विधायक प्रतिनिधि ने अपने दादा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मैं उनके आदर्शों और विरासत का हिस्सा हूं। दादाजी ने जो सिद्धांत और जनसेवा का मार्ग दिखाया, उसी पर चलने का प्रयास कर रहा हूं। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव, सुशील शर्मा, गौरी भृगु, पार्षद चंद्रशेखर चक्रधारी, लक्ष्मी पांडे, सचिन शर्मा, अय्यूब बांठिया, विजय महिलांग, अल्ताफ़ ख़ान, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा केशरवानी, तरुण टंडन एवं सुल्तान ख़ान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सामाजिकजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# खुरसुला विद्यालय में बाल संसद के नए निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला में विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता एवं उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से बाल संसद का गठन किया। निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद नव-निर्वाचित शाला नायक नीलेश बर्मन, उपशाला सरिता साण्डे, कक्षा नायक, कक्षा नायिका कक्षा 9 वीं लक्ष्मी साहू, उप कक्षा नायिका नैतिक डडसेना, 10वीं कक्षा नायक योगेंद्र खटकर, उप शाला नायिका ममता, 11वीं कला लक्की दास मानिकपुरी, उप कक्षा नायिका वंदना ठाकुर, 11वीं विज्ञान स्नेहा नारंग, उप कक्षा नायक प्रकाश साहू, 12 वीं कला विकास बर्मन, विज्ञान 12 वीं उप कक्षा नायिका पीली नेताम 12 वीं विज्ञान कक्षा नायक बुबनेश्वर, उप कक्षा नायिका लकेश्वरी कैवर्त्य, छात्रा प्रतिनिधि देवेश्वरी जायसवाल, क्रीड़ा सचिव मनहरण कुर्रे, सांस्कृतिक सचिव लोकेश सोनी सहित अन्य पदाधिकारियों को व्याख्याता श्यामलाल नवरत्न द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।शपथ ग्रहण समारोह में विद्यालय के प्राचार्य हरेंद्र कुमार शांडिल्य ने छात्र-प्रतिनिधियों को अपने दायित्वों का निष्ठा, ईमानदारी एवं अनुशासन के साथ निर्वहन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि बाल संसद विद्यालय में नेतृत्व विकास, अनुशासन, स्वच्छता, सहयोग एवं सहभागिता की भावना को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए उनसे विद्यालय के शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। शपथ ग्रहण के पश्चात सभी छात्र-प्रतिनिधियों ने विद्यालय के विकास, अनुशासन बनाए रखने तथा छात्र हित में समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### कच्चे घर से पक्के आशियाने तक का भावुक सफर

# प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना ने बदली दिव्यांग परस कमार की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार।

प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत परस कमार का पक्का घर बन जाने से उसके जीवन में कई बदलाव आया। अब बार -बार मरम्मत नहीं करना पड़ रहा है।

कसडोल विकासखंड अंतर्गत ग्राम बल्दाकछार के निवासी परस कमार विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय से संबंध रखते हैं। उनका जीवन संघर्ष, अभाव और कठिनाइयों से भरा रहा है। परस कमार पैर से दिव्यांग हैं, जिसके कारण रोजमर्रा के छोटे-छोटे कार्य भी उनके लिए किसी चुनौती से कम नहीं थे। बचपन में ही पिता का साया सिर से उठ गया और उनकी माताजी भी अति वृद्ध हैं, जो उम्र और कमजोरी के कारण स्वयं सहारे की मोहताज हैं।आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर थी कि वर्षों तक वे एक कच्चे और जर्जर मकान में रहने को मजबूर थे। बरसात के दिनों में छत से टपकता पानी, ठंडी रातों में टूटती दीवारों से आती हवा, और गर्मी के मौसम में तपता हुआ घर यही उनकी जिंदगी की सच्चाई थी। हर मौसम उनके लिए एक नई परीक्षा लेकर आता था। रातों को कई बार यह डर सताता था कि कहीं कमजोर दीवारें ढह न जाएं। अपनी इस हालत को देखकर परस कमार का मन बार-बार टूट जाता था, लेकिन गरीबी के आगे वे बेबस थे।



एक पक्के और सुरक्षित घर का सपना उनके लिए किसी दूर के सपने जैसा था, जिसे पूरा करना लगभग असंभव लग रहा था। लेकिन प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना ने उनके जीवन में उम्मीद की एक नई किरण जगाई। जिला पंचायत के सतत मार्गदर्शन, जनपद पंचायत कसडोल के सहयोग एवं ग्राम पंचायत के प्रयासों से विशेष पिछड़ी जनजाति कमार वर्ग से होने के कारण उन्हें योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृत हुआ। आवास निर्माण कार्य समय पर प्रारंभ हुआ और धीरे-धीरे उनका सपना आकार लेने लगा।साथ ही, मनरेगा अंतर्गत 90 मानव दिवस की मजदूरी राशि भी अभिसरण के माध्यम से उन्हें प्राप्त हुई, जिससे आवास निर्माण में आर्थिक सहयोग मिला। इस राशि ने उनके लिए निर्माण कार्य को और आसान बनाया तथा आत्मनिर्भरता का संबल प्रदान किया। परस कमार का पक्का मकान बनकर तैयार है। अब सुरक्षित छत के नीचे सुकून की सांस ले रहे हैं। बरसात की चिंता नहीं, ठंड की रातों का डर नहीं और गर्मी की तपिश का भय नहीं अब उनके जीवन में सुरक्षा, सम्मान और आत्मविश्वास है। यह घर केवल ईंट और सीमेंट से बना मकान नहीं, बल्कि उनके संघर्षों पर मिली सबसे बड़ी जीत है। अपनी आंखों में खुशी के आंसू लिए परस कमार कहते हैं-मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरे जैसे गरीब और दिव्यांग व्यक्ति को भी पक्का घर मिलेगा। इस सुरक्षित पक्का घर में देखकर लगता है जैसे भगवान ने मेरी सबसे बड़ी इच्छा पूरी कर दी। अब हमें डर नहीं लगता, अब हमें लगता है कि हमारा भी इस दुनिया में एक सम्मानजनक ठिकाना मिल गया है।

